घटना ▶ करैत के काटने से बेटे की मौत के बाद मां भी हुई शिकार

# सांप के डंसने से नवविवाहिता की मौत

**अनूपपुर, नवभारत 16 जून।** जिले में सर्पदंश की दो अलग-अलग घटनाओं ने लोगों को झकझोर कर रख दिया है। एक ओर जहरीले सांप के काटने से एक नवविवाहिता की उपचार के दौरान मौत हो गई, वहीं करैत सर्प के डंसने से युवक की मौत के अगले ही दिन उसकी मां भी उसी जहरीले सर्प का शिकार हो गई। गंभीर हालत में भर्ती महिला का जिला चिकित्सालय अनूपपुर में उपचार जारी है और चिकित्सकों ने उसे फिलहाल खतरे से बाहर बताया है।

जानकारी के अनुसार शहडोल जिले के बुढार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सरईकापा निवासी 24 वर्षीय सरिता चौधरी सोमवार रात अपने मायके में थी। भोजन करने के बाद वह सोने से पूर्व घर के पीछे स्थित बाड़ी में शौच के लिए गई थी। इसी दौरान किसी अज्ञात जहरीले सांप ने उसकी जांघ के पास डंस लिया।



### उपचार के दौरान हुई मौत

सरिता के शोर मचाने पर परिजन मौके पर पहुंचे और सांप की तलाश की, लेकिन वह नहीं मिला। सरिता की हालत बिगड़ने पर परिजन उसे तत्काल जिला चिकित्सालय अनूपपुर लेकर पहुंचे, जहां उपचार के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई। ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक डॉ. हिमांशु पांडेय ने घटना की सूचना अस्पताल पुलिस चौकी को दी।

### पंचनामा कार्रवाई की गई

मंगलवार सुबह अस्पताल पुलिस के प्रधान आरक्षक कमलेश प्रसाद ने नवविवाहिता का मामला होने के कारण कार्यपालक दंडाधिकारी एवं तहसीलदार अनूपपुर वेद प्रकाश सिंह की उपस्थिति में पंचनामा कार्रवाई कराई। इसके बाद शव परीक्षण कराकर मृतका का शव अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया।

मामले की सूचना संबंधित थाना पुलिस को अग्रिम जांच के लिए भेजी गई है।

### दो दिन पूर्व सांप के डसने से युवक की हुई थी मौत

दूसरी घटना भालूमाड़ा थाना क्षेत्र के पयारी क्रमांक-1 की है। यहां 27 वर्षीय रविशंकर चौधरी को दो दिन पूर्व घर में जमीन पर सोते समय अत्यंत जहरीले करैत सर्प ने काट लिया था। गंभीर हालत में उसे उपचार के लिए कोतमा अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंप दिया था।

### मृतक युवक की मां का इलाज जारी

रविशंकर के अंतिम संस्कार और शोक कार्यक्रम के दौरान घर में बड़ी संख्या में परिजन और रिश्तेदार मौजूद थे। इसी बीच सोमवार देर रात उसकी 48 वर्षीय मां इंद्रवती चौधरी, पति स्वर्गीय मनोहर चौधरी, अन्य लोगों के साथ जमीन पर सो रही थीं। तभी करैत सर्प ने उनके दाहिने हाथ की उंगली में डंस लिया। इंद्रवती को पहले फुनगा अस्पताल और फिर जिला चिकित्सालय अनूपपुर में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों के अनुसार इंद्रवती चौधरी की हालत अब स्थिर है और वह खतरे से बाहर हैं। उनका जिला अस्पताल में उपचार जारी है।

## विभिन्न नगरीय निकायों में 17 को जनकल्याण शिविर

**अनूपपुर, नवभारत।** शासन के निर्देशानुसार जिले में 12 जून से 18 जून तक ग्रामीण एवं नगरीय निकायों में जनकल्याण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 17 जून को जिले के विभिन्न ग्रामों एवं नगरीय निकायों में जनकल्याण शिविर आयोजित किए जाएंगे, जहां आमजन की समस्याओं का निराकरण तथा शासन की जनहितकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाएगा।

जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत जैतहरी के ग्राम परसवार, जनपद पंचायत अनूपपुर के ग्राम चपानी, जनपद पंचायत कोतमा के ग्राम बैहाटोला तथा जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के ग्राम राजेंद्रग्राम में 17 जून को जनकल्याण शिविर आयोजित होंगे। नगरीय क्षेत्रों में नगर पालिका परिषद बिजुरी, नगर पालिका परिषद कोतमा, नगर परिषद डोला, नगर परिषद डूमर कछार तथा नगर परिषद बनगांव (राजनगर) के कार्यालयों में भी 17 जून को जनकल्याण शिविर लगाए जाएंगे।




# पीसीसी सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार के आरोप

**छील्पा पंचायत के ग्रामीणों ने की जांच की मांग**

**अनूपपुर, नवभारत 16 जून।** ग्राम पंचायत छील्पा में निर्माणाधीन पीसीसी सड़क निर्माण कार्य को लेकर ग्रामीणों ने गंभीर अनियमितताओं एवं भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण एजेंसी द्वारा तकनीकी मानकों और स्वीकृत प्राक्कलन की शर्तों का पालन किए बिना सड़क का निर्माण कराया गया है, जिससे सड़क की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत छील्पा में तकनीकी स्वीकृति क्रमांक 144 दिनांक 22 मई 2026 तथा प्रशासकीय स्वीकृति क्रमांक 21, 24 मई 2026 के तहत वर्ष 2026-27 में 4 लाख 63 हजार रुपये की लागत से लक्ष्मण पटेल के घर से संतदास पटेल के घर तक लगभग 200 मीटर लंबी पीसीसी सड़क का निर्माण कार्य कराया जा रहा है।

### निर्माण में निर्धारित मानकों का पालन नहीं किया गया

ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण एजेंसी द्वारा सड़क निर्माण में निर्धारित मानकों का पालन नहीं किया गया। निर्माण कार्य पूर्ण होने तक सड़क की आवश्यक पानी से सिंचाई नहीं कराई गई, जिसके कारण सड़क की सतह पर सीमेंट के बजाय गिट्टी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि यही स्थिति रही तो सड़क पहली ही बारिश में क्षतिग्रस्त हो सकती है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि निर्माण एजेंसी ने पंचायत कर्मियों की कथित मिलीभगत से प्राक्कलन के अनुरूप कार्य नहीं किया।

# रैली में शिक्षकों ने दिया शिक्षा के महत्व का संदेश

**स्कूल चले हम अभियान के द्वितीय चरण का शुभारंभ**

**अनूपपुर, नवभारत 16 जून।** मध्यप्रदेश शासन एवं राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार संचालित स्कूल चले हम अभियान-2026 के द्वितीय चरण का शुभारंभ मंगलवार को शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय बस्ती अनूपपुर में उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया।

कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, अभिभावकों, विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। अभियान के तहत विद्यालय द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने शिक्षा के महत्व का संदेश देते हुए अभिभावकों से अपने बच्चों का विद्यालय में नामांकन कराने तथा नियमित रूप से स्कूल भेजने की अपील की।




### बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा जरुरी : प्रसाद


कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक अजय कुमार प्रसाद ने कहा कि बच्चों का नियमित रूप से विद्यालय आना उनके सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों की पढ़ाई और गृहकार्य पर विशेष ध्यान देने तथा किसी भी शैक्षणिक समस्या की स्थिति में शिक्षकों से सतत संपर्क बनाए रखने का आग्रह किया।

# मुख्य चुनाव आयुक्त का किया पुतला दहन

▶ **भाजपा और चुनाव आयोग के खिलाफ युवा कांग्रेस का प्रदर्शन**

**अनूपपुर, नवभारत 16 जून।** जिला युवा कांग्रेस अनूपपुर के नेतृत्व में सोमवार को भालूमाड़ा मजदूर चौक में भाजपा एवं चुनाव आयोग के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया।

इस दौरान कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन कर लोकतंत्र की रक्षा और निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने की मांग उठाई। प्रदर्शन के उपरांत महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन भी सौंपा गया। कार्यक्रम का आयोजन मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष यश घनघोरिया के निर्देश तथा जिला कांग्रेस कमेटी अनूपपुर अध्यक्ष गुड्डू चौहान के मार्गदर्शन में किया गया।



### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में जिला कांग्रेस महासचिव चंदन सिंह, निर्भय राव, जिला कांग्रेस सचिव धर्मेंद्र मिश्र, फारुख बेग, सैफ रिजवी, नदीम अशरफी, सागर पट्टावी, आलोक सिंह, जयप्रकाश पांडे, बिलाल खान, अंकित सोनी, पंकज पांडे, अरविंद मिश्रा, कोमल केवट, राजा केवट, सूर्यप्रताप सिंह, सुजल प्रजापति, नूपुर चटर्जी, धरम दास आदि उपस्थित रहे।

# संत मड़फा तालाब में पानी पर करेंगे योग साधना

**आज सुबह 11 बजे से शवासन मुद्रा में दो घंटे तक करेंगे योग प्रदर्शन**

**अनूपपुर, नवभारत ।** चित्रकूट धाम से आए 72 वर्षीय योग साधक संत रामसखा पांडेय इन दिनों अनूपपुर स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर, रेलवे कॉलोनी में प्रवास पर हैं। संत रामसखा पांडेय बुधवार को प्रात: 11 बजे से सामतपुर स्थित मड़फा तालाब में शवासन मुद्रा में दो घंटे तक पानी पर योग साधना का प्रदर्शन करेंगे।

इस संबंध में संत रामसखा पांडेय ने नगर पालिका, पुलिस अधीक्षक तथा कोतवाली पुलिस को पत्र देकर कार्यक्रम की जानकारी प्रदान की है। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान होने वाली समस्त जिम्मेदारी स्वयं पर लेने की बात भी कही है। दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर रेलवे कॉलोनी के पुजारी ब्रह्मानंद गर्ग ने बताया कि संत रामसखा पांडेय उनके मंदिर में ठहरे हुए हैं। उन्होंने कहा कि संत योग का प्रदर्शन कर लोगों को योग के महत्व और उसके लाभों के प्रति जागरूक करेंगे।



### हर चुनौती का सामना करने की शक्ति प्रदान करता है योग

योग साधक संत रामसखा पांडेय ने बताया कि वर्तमान समय में आधुनिक जीवनशैली के कारण लोग तनाव, अवसाद और विभिन्न प्रकार की बीमारियों से जूझ रहे हैं। ऐसे समय में योग ही एक ऐसा माध्यम है, जो शरीर और मन को संतुलित कर हर चुनौती का सामना करने की शक्ति प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि वे देशभर में भ्रमण कर योग की शक्ति और उसके सकारात्मक प्रभावों का संदेश लोगों तक पहुंचा रहे हैं। उनका मानना है कि नियमित योगाभ्यास से मानसिक शांति, शारीरिक मजबूती तथा रोगों से बचाव संभव है।

## एक नजर में



### कोयला भरे ट्रक आमने-सामने टकराए, चार घंटे तक आवागमन रहा प्रभावित

**अनूपपुर नवभारत 16 जून।** मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिला मुख्यालय में मंगलवार को कृषि उपज मंडी मोड़ के समीप कोयल परिवहन कर रहे दो ट्रक आमने-सामने टकरा गए, जिससे सड़क पर लगभग 4 घंटे तक यातायात जाम की स्थिति बन गई। इसके बाद क्रेन की सहायता से दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से किनारे किया गया तब जाकर के यातायात बहाल हो पाया। जानकारी अनुसार मंगलवार को जिला मुख्यालय में चचाई मार्ग पर ट्रक क्रमांक सीजी एन एक्स 1419 जो की चचाई की तरफ से अनूपपुर की ओर आ रहा था वहीं सामने से कोयला भर कर ट्रक क्रमांक सीजी 10 बी आर 9890 अनूपपुर से चचाई रोड की ओर जा रहा था। दोनों ही वाहन तेज रफ्तार में होने के कारण कृषि उपज मंडी मोड़ के पास अनियंत्रित होकर के दुर्घटनाग्रस्त हो गए। इस दौरान छोटे वाहन साइड से निकलते रहे, लेकिन बड़े वाहन यातायात जाम में फंसे रहे।

### 32 बोरी चोरी का कोयला व ओमनी कार जब्त

**अनूपपुर, नवभारत।** जिले में खनिज पदार्थों के अवैध उत्खनन, चोरी एवं परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अनूपपुर विक्रांत मुराव के निर्देशन में बिजुरी पुलिस ने कोयला का अवैध परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए एक ओमनी वाहन सहित 32 बोरी चोरी का कोयला जब्त किया है। जानकारी के अनुसार 13-14 जून की दरमियानी रात मुखबिर से सूचना मिली थी कि चोरी का कोयला वाहन से परिवहन किया जा रहा है। सूचना पर थाना बिजुरी पुलिस ने गुलाब ग्राउंड के पास घेराबंदी कर संदिग्ध ओमनी वैन क्रमांक एमपी 18 सी 1037 को रोककर जांच की। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें 32 बोरी कोयला भरा हुआ पाया गया। पूछताछ के दौरान चालक राजेश प्रजापति उर्फ सरदार ने स्वीकार किया कि वह कोयला रामनगर क्षेत्र से चोरी कर बिजुरी में बिक्री के लिए लेकर आया था। पुलिस ने वाहन सहित 32 बोरी कोयला जब्त किया।

### जुआ फड़ पर बड़ी कार्रवाई, 3 आरोपी गिरफ्तार

**अनूपपुर, नवभारत।** जिले में अवैध गतिविधियों एवं जुआ-सट्टा के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत बिजुरी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जुआ खेलते तीन आरोपियों को रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से नकद राशि और ताश के पत्ते जब्त कर आरोपियों के विरुद्ध जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार 13 जून को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि डबल स्टोरी माइंस कॉलोनी क्षेत्र में कटहल के पेड़ के नीचे कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए बिजुरी पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी और तीन व्यक्तियों को ताश के पत्तों पर दांव लगाते हुए पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपियों में अरुण कुमार पाटकर, अमर पनिका तथा बबलू कोल शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे एवं जुआ फड़ से कुल 1,760 रुपये नकद बरामद किए हैं।

### लंबे समय से फरार 4 स्थायी वारंटी गिरफ्तार

**अनूपपुर, नवभारत।** जिले में अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण तथा लंबे समय से फरार चल रहे अपराधियों एवं वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत बिजुरी पुलिस चार स्थायी गिरफ्तारी वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए वारंटियों में नारायण प्रसाद कोल 24 वर्ष निवासी गलैया टोला बिजुरी, सीता सोनी 48 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 7 कपिलधारा कॉलोनी बिजुरी, इतवरिया बाई 45 वर्ष निवासी गलैया टोला बिजुरी तथा छेदिन बाई साहू 60 वर्ष निवासी मोहाडा दफाई बिजुरी शामिल हैं।

# आगामी चुनावों की रणनीति पर किया गया मंथन

**आम आदमी पार्टी का जोन स्तरीय सम्मेलन आयोजित**

**अनूपपुर, नवभारत 16 जून।** आम आदमी पार्टी का शहडोल जोन स्तरीय विशाल सम्मेलन मंगलवार को अनूपपुर में उत्साहपूर्ण वातावरण के बीच संपन्न हुआ। सम्मेलन में शहडोल, उमरिया, अनूपपुर एवं मैहर जिलों से बड़ी संख्या में पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थक शामिल हुए।

कार्यक्रम में संगठन विस्तार, सदस्यता अभियान तथा आगामी चुनावों की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। सम्मेलन के मुख्य अतिथि दिल्ली सरकार के पूर्व कानून मंत्री एवं मध्य प्रदेश प्रभारी जितेंद्र सिंह तोमर रहे। वहीं दिल्ली के मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र से तीन बार निर्वाचित विधायक अखिलेशपति त्रिपाठी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आम आदमी पार्टी मध्य प्रदेश के उपाध्यक्ष एवं शहडोल जोन प्रभारी रामकृपाल सिंह ने की।



### जनता ईमानदार एवं जवाबदेह राजनीति चाहती है : तोमर

मुख्य अतिथि जितेंद्र सिंह तोमर ने अपने संबोधन में कहा कि देश और प्रदेश की जनता अब ईमानदार एवं जवाबदेह राजनीति चाहती है। उन्होंने कहा कि दिल्ली और पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकारों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली और पानी के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं, जिसके चलते पार्टी का जनाधार लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से गांव-गांव और घर-घर पहुंचकर पार्टी की नीतियों और उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया। विधायक अखिलेशपति त्रिपाठी ने कहा कि आम आदमी पार्टी किसानों, युवाओं, महिलाओं और मजदूरों की आवाज बनकर राजनीति कर रही है।

### इकाइयों के पुनर्गठन से मिलेगा सुलभ प्रशासन : कलेक्टर

**अनूपपुर, नवभारत।** नागरिकों को अधिक सुलभ, पारदर्शी और जनोन्मुखी प्रशासन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग द्वारा जिले में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कहा कि प्रशासनिक कार्यों की दक्षता बढ़ाने तथा आमजन को उनके निकट बेहतर शासकीय सेवाएं उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## संदेही आरोपी के फरार होने पर प्रधान आरक्षक निलंबित

**अनूपपुर नवभारत 16 जून।** जिले के चचाई थाना क्षेत्र में पुलिस अभिरक्षा से एक संदेही आरोपी के फरार होने के मामले में पुलिस अधीक्षक विक्रम मुराब ने कड़ा रुख अपनाया है। आरोपी की सुरक्षा में लापरवाही पाए जाने पर प्रधान आरक्षक मोहन सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर रक्षित केंद्र अनूपपुर संबद्ध कर दिया गया है। वहीं मामले में शामिल दो सहायक उप निरीक्षकों (एएसआई) के विरुद्ध विभागीय जांच के आदेश दिए गए हैं।जानकारी के अनुसार संदेही आरोपी मंगेश सिंह निवासी टिकरीटोला, बुढ़ार को 15 जून को माल बरामदगी एवं विवेचना संबंधी कार्रवाई के लिए पुलिस अभिरक्षा में लिया गया था। आरोपी को विवेचक एएसआई प्यारेलाल सिंह, एएसआई लालमणि चौधरी तथा प्रधान आरक्षक मोहन सिंह थाना चचाई लेकर आ रहे थे।

**आरोपी कलाई से हथकड़ी सरकाकर भागा**-इसी दौरान विवेचक अधिकारियों को थाना अमलाई क्षेत्र में हुई चोरी की गाड़ियों एवं उनके कलपुर्जों की तस्दीक करनी थी। दोनों एएसआई आरोपी को प्रधान आरक्षक मोहन सिंह की निगरानी में छोड़कर अमलाई थाना परिसर में जांच के लिए चले गए। बताया गया कि वाहन थाना अमलाई की बाउंड्री के बाहर खड़ा था। कुछ समय बाद जब दोनों अधिकारी वापस लौटे तो आरोपी वाहन में मौजूद नहीं मिला। पूछताछ में प्रधान आरक्षक मोहन सिंह ने बताया कि आरोपी अपनी कलाई से हथकड़ी सरकाकर भाग निकला।

# अधिकारियों को दिए त्वरित निराकरण के निर्देश

**जनसुनवाई में कलेक्टर ने 85 आवेदनों की सुनीं समस्याएं**

**अनूपपुर, नवभारत 16 जून।** जिला स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में आयोजित किया गया। जनसुनवाई में कलेक्टर हर्षल पंचोली ने जिलेभर से प्राप्त 85 आवेदनों पर सुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अर्चना कुमारी, डिप्टी कलेक्टर कमलेश पुरी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनूपपुर प्राशी अग्रवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने आवेदकों की समस्याएं सुनकर आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया।




### भूमि सीमांकन का आवेदन दिया

जनसुनवाई के दौरान तहसील कोतमा के ग्राम निगवानी निवासी अजय कुशवाहा ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग की। वहीं पुष्पराजगढ़ तहसील के ग्राम खेतगांव निवासी भद्दू सिंह तथा ग्राम पंचायत दूधमनिया निवासी राय सिंह ने भूमि सीमांकन कराने के लिए आवेदन दिया। बरगवां निवासी प्रवीण सक्सेना ने भरण-पोषण हेतु आर्थिक सहायता राशि दिलाने की मांग की।

# रेत का अवैध परिवहन करते ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त



**कोतमा, नवभारत 16 जून।** खनिज के अवैध परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतमा पुलिस ने रेत का अवैध परिवहन पर कार्रवाई करते हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की है।

जानकारी के अनुसार 14 जून को थाना प्रभारी कोतमा को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली थी कि केवाई नदी से बिना नंबर के नीले रंग के स्वराज ट्रैक्टर-ट्रॉली में अवैध रूप से रेत लोड कर निगवानी की ओर ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने विशुन टोला, निगवानी के पास घेराबंदी कर वाहन को रोक लिया।

### चालक वैध दस्तावेज पेश नहीं कर पाया

जांच के दौरान नीले रंग के बिना नंबर वाले स्वराज ट्रैक्टर-ट्रॉली में रेत भरी हुई पाई गई। चालक की पहचान विवेक तिवारी निवासी निगवानी के रूप में हुई। चालक ने रेत परिवहन से संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नही किया गया, इसके बाद पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित रेत को जप्त कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी है।

लापरवाही ▶ आबकारी एवं पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवाल

# ढाबों पर सज रही अवैध शराब की महफिल

**कोतमा, नवभारत 16 जून।** नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में आबकारी एवं पुलिस विभाग की कथित उदासीनता के चलते अवैध शराब का कारोबार तेजी से पैर पसार रहा है।

आलम यह है कि मुख्य मार्ग से लेकर अंदरूनी इलाकों में संचालित कई ढाबों पर बिना किसी डर के अवैध रूप से शराब परोसी और बेची जा रही है, जिससे स्थानीय नागरिकों और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### देर रात तक छलकते हैं जाम

स्थानीय सूत्रों के अनुसार कोतमा नगर के कुछ चिन्हित ढाबों में न केवल अवैध रूप से शराब उपलब्ध कराई जा रही है, बल्कि वहां बकायदा पीने की व्यवस्था भी दी जा रही है। देर शाम होते ही इन ढाबों पर असामाजिक तत्वों का जमावड़ा शुरू हो जाता है, जो देर रात तक चलता है इसके कारण मुख्य मार्गों से गुजरने वाली महिलाओं और आम नागरिकों की सुरक्षा पर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे है।



### आबकारी विभाग मौन

क्षेत्रीय जनता का आरोप है कि इस पूरी अवैध गतिविधि की जानकारी होने के बावजूद आबकारी विभाग मूकदर्शक बना हुआ है विभाग द्वारा इन ढाबों पर कोई ठोस या औचक कार्रवाई नहीं किए जाने से अपराधियों के हौसले बुलंद हैं।

लोगों का कहना है कि पुलिस द्वारा समय-समय पर छिटपुट कार्रवाई की जाती है, लेकिन मुख्य रूप से जिम्मेदार आबकारी अमले की सुस्ती समझ से परे है।

### बढ़ रहा है आक्रोश

ढाबों पर चल रहे इस अवैध मधुशाला के खेल से स्थानीय लोगों में प्रशासन के खिलाफ गहरा आक्रोश है। नागरिकों ने जिला प्रशासन और आबकारी विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि कोतमा नगर के संदिग्ध ढाबों पर तत्काल छापामार कार्रवाई की जाए और अवैध रूप से शराब बेचने व पिलाने वाले संचालकों के खिलाफ सख्त कानूनी कदम उठाए जाएं, ताकि क्षेत्र का माहौल खराब होने से बचाया जा सके।